# निवेशकों की सुविधा के लिए इन्वेस्ट यूपी करेगा एआइ का इस्तेमाल

- औद्योगिक विकास के लिए एआइ के उपयोग पर हुई चर्चा
- इन्वेस्ट यूपी सभी प्लेटफार्म्स पर चैटबाट स्थापित करेगा

राज्य ब्यूरो, जागरण, लखनऊ: निवेशकों की सुविधा के लिए इन्वेस्ट यूपी जल्द ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) का इस्तेमाल शुरू करेगा। एक स्टेप फाउंडेशन के सहयोग से बेंगलुरु में एआइ-सक्षम इन्वेस्ट यूपी विषय पर आयोजित कार्यशाला में इन्फोसिस के सह-संस्थापक नंदन नीलेकणी ने कहा कि एआइ औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है। उद्योगपति एआइ का इस्तेमाल कर नवाचार को बढ़ावा दे सकते हैं। इसके प्रयोग से हम भारत की विकास यात्रा को और तेज कर सकते हैं।

कार्यशाला में इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय किरण आनंद ने कहा कि एआइ तेज निर्णय-निर्माण, अधिक पारदर्शिता और उत्तर प्रदेश में कारोबार करने की सुगमता को मजबूत बनाने में निर्णायक भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि एआइ-आधारित मार्केट इंटेलिजेंस का उपयोग करके क्षेत्र-वार विश्लेषण किया जाएगा।

साथ ही इन्वेस्ट यूपी अपने सभी प्लेटफार्म्स पर कन्वर्सेशनल बाट्स (चैटबाट) को स्थापित करेगा। निवेशकों की सुविधा के लिए सेल्फ-सर्विस टूल्स, सब्सिडी ट्रैकिंग और व्यक्तिगत परामर्श जैसी नई पहल भी शुरू की जाएगी। निवेशकों तक बेहतर पहुंच बनाने के लिए इन्वेस्ट यूपी एआइ की मदद से परामर्श सेवाएं उपलब्ध कराएगा। कार्यशाला में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी शशांक चौधरी सहित इन्वेस्ट यूपी की टीम ने हिस्सा लिया।